तापमान

अधिकतम 41.2 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 21 जून 2024

14 बरसाती सीजन में फिर डूबेगा शहर



14 अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर तैयारियां पूरी



## खबर संक्षेप

### रिहायशी भवन से गहने व 80 हजार नकद चोरी

**अंबाला।** शातिर चोर घर में सेंध लगा गए। चोर घर से 7 तोले सोने के जेवर व 80 हजार रुपए की नकदी ले उड़े। घटना कच्चा बाजार छप्परबंद मोहल्ले की है। अंबाला कैंट के कच्चा बाजार छप्परबंद मोहल्ला के सचिन कुमार ने बताया कि वह बीती रात साढ़े 8 बजे एक कमरे का ताला लगाकर सो गए थे। सुबह 5 बजे उनकी माता उठी तो देखा कि कमरे का ताला टूटा हुआ है। जांच करने पर पता चला कि घर से सोने की एक चैन, 3 अंगूठी, कानों के टॉप्स की 2 जोड़ी, सोने का लॉकेट गायब मिला। इसके साथ ही शातिर चोर 80 हजार रुपए की नकदी भी ले उड़े।

### हादसे में बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत

**अंबाला।** कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई। कार में सवार महिला व 3 बच्चों को भी चोट आई है। हरगोबिंदपुरा कॉलोनी के रामनाथ ने बताया कि उसकी छोटी बहन शिमला देवी 30 साल से अपने बच्चों समेत दौसड़का गुरुद्वारा के पास रहती है। उसकी बहन के 2 बच्चे है, जो शादीशुदा हैं। उसके भांजा राहुल को अपने किसी निजी काम से गांव बिंजलपुर जाना था। वह राहुल के साथ बाइक पर साढौरा रोड से होता हुए गांव बिंजलपुर की तरफ चल दिया। वे गांव धनौरा पेट्रोल पंप से थोड़ा आगे पहुंचे तो एक स्विफट डिजायर गाड़ी ने राहुल की बाइक को टक्कर मार दी।

### ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से बाइक सवारकी जान गई

**यमुनानगर।** शाहबाद रोड टी प्वाइंट सरस्वती नगर के पास देर शाम ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर लगने से बाइक सवार की मौत हो गई। भगवानपुर निवासी शमशेर सिंह ने बताया कि उसका भाई रामकरण बाइक पर थाना छप्पर से शाम को उसका भाई बाइक पर घर लौट रहा था तो शाहबाद रोड टी प्वाइंट सरस्वती नगर के पास तेज गति से आ रही ट्रैक्टर-ट्राली ने उसके भाई की बाइक को टक्कर मार दी।

## झमाझम बारिश से मौसम बना सुहावना, तापमान में गिरावट

### गन्ना, चारा व धान की फसल को मिला लाभ, बारिश में भीगकर लोगों ने खूब आनंद लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

पिछले करीब एक महीने से भीषण गर्मी की तपिश झेल रहे जिलेवासियों को वीरवार सुबह हुई झमाझम बारिश से राहत मिली है। बारिश होने से मौसम सुहावना बन गया और तापमान में गिरावट दर्ज की गई। वहीं, किसानों ने बारिश को धान व गन्ने की फसल के लिए लाभदायक बताया है। वीरवार सुबह सात बजे के करीब रादौर क्षेत्र समेत जिले के कई हिस्सों में झमाझम बारिश होने लगी। इस दौरान बारिश के साथ मंद मंद हवा चलने से मौसम सुहावना बन गया। बच्चे और युवाओं ने बारिश में भीगकर खूब आनंद लिया। वहीं,

- गन्ने की फसल को मिली संजीवनी



यमुनानगर में वीरवार सुबह हुई बारिश में भीगते हुए अपने गंतव्य पर जाते लोग।

बारिश होने के बाद बाजारों में ग्राहकों की संख्या बढ़ गई। खास बात यह रही कि बारिश के बाद दिन भर मौसम सुहावना बना रहा।

किसान राजबीर सिंह, गोपाल सिंह, पृथ्वी सिंह, सुधीर, महेश कुमार, रवि कश्यप व जयपाल आदि ने बताया कि पिछले करीब एक महीने से भीषण गर्मी पड़ रही थी और लू चल रही थी। जिससे गन्ना फसल की पत्तियां सूखने लगी थी। वहीं, चारा व धान की फसल में ठीक से सिंचाई नहीं हो रही है। आलम यह था कि रोपाई की जा रही धान की फसल गर्मी की तपिश के कारण गलने लगी थी। मगर अब भले ही हल्की बारिश हुई है। मगर इससे गन्ना व चारा की फसल को काफी लाभ मिला है। वहीं, बिजली कटों से परेशान होकर अन्य साधनों ट्रैक्टर व इंजनों से सिंचाई कर रहे किसानों का बर्बाद हो रहा पैसा बचने उम्मीद जगी है।

#### मौसम में बदलाव जारी रहने की उम्मीद

जिले में वीरवार सुबह हुई बारिश के बाद तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से घटकर अधिकतम 41 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 29 डिग्री सेल्सियस रह गया। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक अगले तीन दिन मौसम में बदलाव जारी रहने की उम्मीद है।

## धान की रोपाई के लिए किसानों को मिले प्रतिदिन दस घंटे बिजली: चौहान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

भारतीय किसान संघ ने धान की रोपाई के लिए प्रतिदिन दिन के समय दस घंटे बिजली उपलब्ध करवाए जाने की मांग की है। वीरवार को भाकिसं के प्रतिनिधिमंडल ने बिजली उपलब्ध करवाए जाने की मांग को लेकर बिजली निगम के मुख्य अभियंता को ज्ञापन सौंपकर किसानों की बिजली की समस्या का समाधान किए जाने की मांग की है।

- संघ के प्रतिनिधिमंडल ने बिजली विभाग के मुख्य अभियंता को सौंपा ज्ञापन

वीरवार को भारतीय किसान संघ का प्रतिनिधि मंडल संघ के प्रांतीय महासचिव रामबीर सिंह चौहान के नेतृत्व में बिजली निगम के मुख्य अभियंता जेएस को मिला। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने एससी को सौंपे ज्ञापन में कहा कि आजकल धान की रोपाई युद्ध स्तर पर चल रही है। मगर किसानों को नलकूपों पर पावर बिजली रात्रि के समय मात्र आठ घंटे उपलब्ध करवाई जा रही है। इस आठ घंटे में भी बार-बार बिजली कट लगाए जा रहे हैं। जिससे रात्रि समय जहां किसान अपने खेतों में ठीक से सिंचाई नहीं कर पा रहा है, वहीं, पानी की बर्बादी हो रही है। उन्होंने ज्ञापन में कहा कि धान की रोपाई को देखते हुए किसानों को नलकूपों पर दिन में बिजली दी जाए। ताकि पानी की बर्बादी बच सके।



यमुनानगर में बिजली निगम के मुख्य अभियंता को ज्ञापन सौंपते हुए भाकिसं के सदस्य।

### शादीपुर-गुमथला मार्ग को लेकर पीडब्ल्यूडी के एससी से मिला प्रतिनिधिमंडल

भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधि मंडल ने वीरवार को पीडब्ल्यूडी विभाग के कार्यकारी अभियंता को भी ज्ञापन सौंपकर शादीपुर से लेकर गुमथला राव तक के करीब 15 किलोमीटर की सड़क का नवीनीकरण करवाए जाने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे संघ के प्रांतीय महासचिव रामबीर सिंह चौहान ने कहा कि गुमथला से लेकर शादीपुर तक सड़क पिछले 10 वषोंर् से क्षतिग्रस्त पड़ी है। जिस पर वाहन लेकर चलना तो दूर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। आलम यह है कि सड़क पर आए दिन कोई ना कोई हादसा होने लगा है। इस संबंध में इलाके के लोग कई बार संबंधित अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को अवगत करवा चुके हैं। मगर समस्या जस की तस बनी हुई है। उन्होंने विभाग व सरकार से सड़क का तुरंत नवीनीकरण करवाए जाने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सड़क का जल्द नवीनीकरण नहीं करवाया गया तो भारतीय किसान संघ सड़क को पूरी तरह बंद करने पर मजबूर होगा। मौके पर भाकिसं के गन्ना प्रमुख प्रताप सिंह खजूरी, राजकुमार, सुशील खजूरी, मदन भगत, विकास राणा ,वेद प्रकाश राणा आदि मौजूद रहे।

## सफाई कर्मचारियों की हर समस्या का होगा समाधानः कृष्ण कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष इंजीनियर कृष्ण कुमार वीरवार का अचानक सफाई कर्मचारियों की समस्याएं जानने के लिए पहुंच गए। इस दौरान कर्मचारियों के एक प्रतिनिधि मंडल ने मिलकर अपनी विभिन्न समस्याओं से अवगत करवाया । भाजपा की जिला महामंत्री सोनिया प्रोचा ने आयोग के अध्यक्ष कृष्ण कुमार का स्वागत करते हुए पुष्प गुच्छ के साथ शाल भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ का एक प्रतिनिधिमंडल भी उन्हें मिला तथा उन्हें अपनी नियमित नौकरी, वेतन, भत्ते, उपकरण एवं कार्य स्थान मैं आने वाली दिक्कत एवं सुविधाओं संबंधी विभिन्न समस्याओं बारे अवगत करवाया । अध्यक्ष ने प्रतिनिधिमंडल को यथायोग्य कार्रवाई का आश्वासन दिया।इस अवसर पर रिंकू चौहान, शीशपाल, ईशम सिंह, कर्मवीर, जगतार, सोमपाल, गौरव कुमार, मोहन परोचा तथा जसविंदर परोचा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

- सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष ने दिया आश्वासन



अयोग के अध्यक्ष प्रतिनिधिमंडल से भेंट करते हुए।

## सफाई कर्मियों ने नगरपालिका ऑफिस पर बोला हल्ला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

वीरवार को नगरपालिका कर्मचारी संघ व डोर टू डोर सफाई कर्मचारी यूनियन के कार्यकर्ताओं ने नगर पालिका कार्यलय पर मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। घरों से कूड़ा उठाने वाले कर्मियों की मांगों में मुख्य रूप से 70 दिन के वेतन का भुगतान करने। वर्कआर्डर मुताबिक ईएसआई कार्ड, वर्दी व सुरक्षा किट देने। वेतन बढ़ोतरी व समय पर वेतन का भुगतान करने। हटाए गए कर्मी को वापिस ड्यूटी पर लेने। जबरी वेतन कटौती एवं बेगार प्रथा पर रोक लगाने की मांग की गई। इसी प्रकार पे-रोल के सफाई कर्मचारियों की स्थानीय स्तर की मांगों में मुख्य रूप से कर्मचारियो की बदले की भावना से लगाई गई एब्सेंट को ठीक करने। सफाई के काम मे अकाउटेंट की दखलंदाजी पर रोक लगाने। ईएसआई कार्ड जारी करने। ईएसआई फंड काटकर जमा न करवाने वाले दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करने। सुरक्षा किट में शामिल साबुन व तेल समय पर देने तथा सफाई के लिए सामान को उपलब्ध करवाना शामिल है। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि समस्याओं के समाधान के लिए यूनियन का प्रतिनिधिमण्डल कई बार चेयरपर्सन व सचिव नगरपालिका से मिलकर गुहार लगा चुका है। परंतु कंही कोई सुनवाई नहीं हुई है। घरों से कूड़ा उठाने वाला ठेकेदार वर्क आर्डर की सरेआम धज्जियां उड़ा कर कर्मचारियो व पालिका को चूना लगा रहा हैं। प्रशासन दोषी के खिलाफ कार्रवाई करने की बजाए ठेकेदार की ही भाषा बोल रहा है। प्रदर्शन की पालिका प्रशासन को पूर्व सूचना होने के बावजूद मौका पर कार्यलय में कोई भी अधिकारी मौजूद नहीं था। इससे उनकी गंभीरता का पता चलता है। मंगा साहिब व दर्शन लाल ने कहा कि यदि चार दिन में प्रशासन बातचीत से समस्या का समाधान नही करता तो आंदोलन तेज किया जाएगा।

- अफसरों के खिलाफ जमकर की नारेबाजी




नगरपालिका कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन करते सफाई कर्मी।

## भूमिका ने मिस करनाल का खिताब जीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

दयाल सिंह पब्लिक स्कूल दयाल सिंह कॉलोनी करनाल की भूमिका खन्ना ने अपनी मेहनत और लगन के बल पर मिस करनाल तक का सफर तय किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या सुषमा देवगन एवं मुख्य अध्यापिका प्रिया कपूर ने बताया कि भूमिका ने पहले मिस वाउ फैक्टर के लिए ऑडिशन पास किया और ट्रॉफी सैश, 11000/- रुपये का नकद पुरस्कार और एक ताज जीता इसके बाद वह ग्रैंड फिनाले में पहुंची जो दिल्ली के रेडिसन ब्लू में आयोजित किया गया, जहां उसने मिस करनाल, 2024 का खिताब जीता। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन एसएसआरसी एंटरटेनमेंट द्वारा किया गया था और टीवी स्टार निशि सक्सेना ने जज की भूमिका निभाई थी। कार्यक्रम सितारों से भरा हुआ था, जिसमें माधुरी दीक्षित मुख्य अतिथि थीं और उर्वशी रौतेला जैसे सितारों ने भी इस अवसर की शोभा बढ़ाई। भूमिका को मिस करनाल के ताज के साथ-साथ 5100/- रुपये का नकद पुरस्कार, सैश, प्रमाण पत्र और ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। यह न केवल दयाल सिंह परिवार के लिए बल्कि करनाल शहर के लिए भी गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि करनाल की बेटी ने एक बार फिर अपने परिवार सहित हम सभी को गौरवान्वित किया है।

- अपनी मेहनत और लगन के बल पर मिस करनाल तक का सफर तय किया



मिस करनाल भूमिका

## पानीपत पुलिस ने मादक पदार्थ सहित तस्कर पकड़ा

**पानीपत।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने सेक्टर 18 मोड़ पर नशा तस्कर बलकार निवासी हरि सिंह कालोनी, नूरवाला, पानीपत को 400 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी बलकार करीब एक साल पहले पानीपत जेल से बेल पर बाहर आया था। आरोपी बेल पर आने के बाद फिर से नशा तस्करी करने लगा। एंटी नारकोटिक्स सेल इंचार्ज सब इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि बलकार पर थाना सेक्टर 13/17 में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया है।

### स्मैक के साथ आरोपी काबू

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने खजूर नगर में नशा तस्कर सचिन पुत्र महाबीर निवासी खजूर नगर को 7.75 ग्राम स्मैक सहित गिरफ्तार किया। सीआईए वन प्रभारी सब इंस्पेक्टर महिपाल सिंह ने बताया कि आरोपी से पूछताछ में खुलासा हुआ उसके खिलाफ पहले भी थाना सदर में एनडीपीएस एक्ट का एक अभियोग दर्ज है। आरोपी इसके कुछ दिन बाद जेल से बेल पर बाहर आ गया था। वहीं आरोपी पर थाना तहसील कैंप में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया है।

## साइबर ठगों ने मनी लांड्रिंग का डर दिखाकर डॉक्टर से ठगे 2.98 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

साइबर ठगों ने मनी लांड्रिंग का डर दिखाकर कमला नगर निवासी डॉक्टर धनेजय कपूर से दो लाख 98 हजार रुपये ठग लिए। डॉक्टर धनेजय कपूर ने छोटी लाइन पर अपना क्लीनिक बनाया हुआ है।

डॉक्टर धनेजय कपूर ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 18 जून को उसके मोबाइल पर एक नंबर से फोन आया। आरोपी ने उसे कहा कि वह टेलीफोन डिपार्टमेंट दिल्ली से बोल रहा है। आपका मोबाइल नंबर दो घंटे में फोन नंबर बंद हो जाएगा। जब कारण पूछा तो आरोपी ने बताया कि उसका यह मोबाइल नंबर आपके आधार कार्ड से लिंक है। इसी आधार कार्ड पर लखनऊ में एक दूसरा मोबाइल नंबर अलॉट हुआ है। वह मोबाइल नंबर फ्रॉड करने में इस्तेमाल हो रहा है। इसलिए आपका मोबाइल नंबर बंद किया जाएगा। आरोपी ने उसे लखनऊ पुलिस को शिकायत दर्ज करवाने के लिए कहा। आरोपी ने उसे उत्तर प्रदेश पुलिस का मोबाइल नंबर दिया। इसके बाद व्हाट्सएप के जरिये वीडियो कॉल आई। वीडियो कॉल करने वाला व्यक्ति पुलिस की वर्दी में बैठा था। इस दौरान आरोपी ने उसे बातों में उलझा कर उसे मनी लांड्रिंग केस में फैसाने का डर दिखाकर उसे अकाउंट में दो लाख 98 हजार जमा करने का कहा। उसने डर से आरोपियों के अकाउंट में उक्त पैसे जमा करवा दिए। उसे जब अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने मामले की सूचना साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी।

**सियासत** | विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक पार्टियों ने कसी कमर

## लाडवा विस से दावेदारों की कतार लंबी, टिकट के लिए घमासान

बलबीर सिंह ▶▶| लाडवा



पवन सैनी



मेवा सिंह



शेर सिंह बड़शामी



रमेश गुप्ता



विक्रमजीत चीमा



संदीप गर्ग



डा. गणेश दत्त



गुरदेव सुरा

कुरुक्षेत्र जिला के लाडवा उपमंडल में विधानसभा चुनाव को लेकर हलचल शुरू हो गई है। लाडवा विस में टिकट के दावेदार सक्रिय हो गए है। यहां भाजपा और कांग्रेस से कई दावेदार हैं। जाहिर है कि अब टिकट के लिए खूब खींचतान होगी। टिकट के लिए जिस नेता की जहां पहुंच है, वह वहां तक पहुंच बनाने में जुट गया है। वर्ष 2019 के विस चुनाव में कांग्रेस के मेवा सिंह ने भाजपा के डा. पवन सैनी को हराकर चुनाव जीता था। हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में लाडवा विस से भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल ने 8750 मतों से बढ़त हासिल की थी। लाडवा विस से नवीन जिंदल के सारथी पूर्व विधायक डा. पवन सैनी रहे। वर्ष 2008 में परिसीमन के बाद अस्तित्व में आई लाडवा विधानसभा सीट पर इस बार पांचवा चुनाव होगा। वर्ष 2009 के चुनाव में इस सीट से इनेलो पार्टी से शेर सिंह बड़शामी विजयी रहे। वर्ष 2014 के चुनाव में भाजपा के डा. पवन सैनी विजयी रहे वही वर्ष 2019 के चुनाव में कांग्रेस के मेवा सिंह ने चुनाव जीता। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक पार्टियों ने कमर कस ली है। पहले लाडवा थानेसर हलके में आता था। लाडवा के साथ जोड़ा बाबैन का हिस्सा रादौर विधानसभा सीट के अंतर्गत था। लाडवा विधानसभा सीट से एक बार इनेलो व एक बार भाजपा व एक बार कांग्रेस के विधायक बने हैं। लाडवा में मौजूद समय में कांग्रेस के मेवा सिंह विधायक है। साल 2009 में पहली बार इनेलो के शेर सिंह बड़शामी विधायक बने। उन्होंने कांग्रेस की कैलाशो सैनी को हराया था। भाजपा की टिकट से मेवा सिंह तीसरे नंबर पर रहे थे और आजाद प्रत्याशी पवन गर्ग चौथे स्थान पर रहे थे। इसके बाद साल 2014 में हुए चुनावों में भाजपा के डॉ. पवन सैनी ने 42445 वोट लेकर जीत दर्ज करवाई। दूसरे स्थान 39453 वोट के साथ इनेलो की बच्चन कौर बड़शामी रही। कांग्रेस की कैलाशो सैनी को 33052 के साथ तीसरे और आजाद प्रत्याशी जतिद्र सिंह काका 9900 वोटों के साथ चौथे स्थान पर रहे।

### ये हैं दावेदार

लाडवा विस से दावेदारों की कतार लंबी है। लाडवा में टिकट के दावेदारों में भाजपा से डा. पवन सैनी, धुम्मन सिंह किरमच, डा. गणेश दत्त, प्रसिद्ध समाजसेवी संदीप गर्ग व पवन गर्ग शामिल है। कुरुक्षेत्र लोकसभा से सांसद सांसद नवीन जिंदल की जीत के बाद से पवन गर्ग लाडवा में सक्रिय हो गए है। डा. पवन सैनी भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री रहे है। डा. पवन सैनी ने लाडवा विस में वर्ष 2014 में जीत दर्ज की थी। डा. पवन सैनी ने इनेलो की बचन कौर बडशामी को 2,992 वोटों से हराया था। धुम्मन सिंह किरमच हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष है। वे भी लाडवा में काफी समय से सक्रिय है। इसके अलावा डा. गणेश दत्त पिछले करीब 35 सालों से हल्का की जनता की सेवा कर रहे है और हलका वासियो के सुख-दुख के साथी बने हुए हैं और जनता के बीच में जाकर उनके हर सुख दुख की सुध लेते रहते हैं ।

### ये भी दावेदार

इसके अलावा कांग्रेस से लाडवा के मौजूद विधायक मेवा सिंह, थानेसर विस के पूर्व विधायक बाबू रमेश गुप्ता दावेदारों में शामिल है। मेवा सिंह पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के करीबी है। वर्ष 2019 के चुनाव में मेवा सिंह ने भाजपा के डा. पवन सैनी को हराया था। बाबू रमेश गुप्ता कांग्रेस के कद्दावर नेता है और कुछ समय के लिए पूर्व विधायक बाबू रमेश गुप्ता आप में चले गए थे। रमेश गुप्ता थानेसर विस के विधायक भी रहे हैं। वही इनेलो की ओर से शेर सिंह बड़शामी प्रबल दावेदार माने जा रहे है। विक्रमजीत सिंह चीमा भी लोकसभा चुनाव के चलते सुशील गुप्ता की अध्यक्षता में आप शामिल हुए है और पूरी जोर शोरों से लाडवा विधानसभा क्षेत्र में कुछ ही महीना में काफी नाम कमा चुके हैं और जनता की सेवा करने में दिन-रात लगे हुए हैं। आप से विक्रमजीत चीमा, गुरदेव सिंह सूरा, अमरीक सिंह बकाली, नैब सिंह पटाक माजरा दावेदारों में शामिल है।

## हत्या मामले में आरोपी को पुलिस ने दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

कोहंड गांव में 35 वर्षीय व्यक्ति की चाकू घोंपकर हत्या के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी रवि को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से पुलिस ने आरोपी का एक दिन का रिमांड लिया है। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपी से विभन्नि पहलुओं पर गहनता से पूछताछ करेगी।कोहंड गांव में मंगलवार कि देर रात इंदिरा आवास कालोनी में दो पड़ोसियों के बीच हुए विवाद में एक व्यक्ति ने एक महिला और दो लोगो पर जानलेवा हमला कर दिया । घटना में 35 वर्षीय सुनील की मौके पर मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति और महिला घायल हो गए । पीड़ित पक्ष और मृतक के परिजनों ने बताया कि उनके पड़ोस में किराए पर रहने वाले व्यक्ति रवि का परिवार गैर कानूनी गतिविधियां चला रहा था । मृतक सुनील की मां रेशमा ने इस बारे में रवि के मकान मालिक को शिकायत कर दी । इस शिकायत के गुस्साए रवि और उसकी पत्नी काजल ने रेशमा और उसके बेटे सुनील पर हमला बोल दिया । हमले में घायल हुए सुनील ने मौके पर दम तोड दिया जबकि रेशमा और उसका पड़ोसी गंभीर रूप से घायल हो गया । वारदात को अंजाम देकर आरोपी मौके से फरार हो गए ।

घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । पुलिस ने परिजनों की शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है ।

### रिमांड पर लिया

कोहण्ड गांव में सुनील की हत्या के मामले में आरोपी रवि को गिरफ्तार कर लिया है। जिसे आज न्यायालय में पेश कर एक दिन के रिमांड पर लिया है।

**जंगशेर सिंह- थाना प्रभारी घरौंडा**

**खबर संक्षेप**

### सीएम फ्लाइंग टीम द्वारा पकड़ा ट्रक गायब

**घरौंडा।** सीएम फ्लाइंग की और से पकड़ा गया ट्रक व्हीकल बस स्टैंड से चोरी हो गया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सुदेश शर्मा ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि वह हरियाणा रोडवेज में कार्यरत है। 18 जून की की रात को सीएम फ्लाईंग ट्रक व्हीकल को इम्पाउण्ड करके पर बस स्टैंड के परिसर में खडा कर गये थे और गाडी के कागजात व चाबी ऑफिस मे देकर गये थे। 19 जून को वह ड्यूटी पर पहुंचा तो पाया कि सुबह सात बजे गाड़ी का चालक व उसका दुसरा साथी गाड़ी को चोरी करके ले गये है। जिसकी शिकायत उसने पुलिस हेल्पलाईन नम्बर पर दे दी है।

### कुवि के बहुउद्देशीय हॉल में मनेगा योग दिवस

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शुक्रवार को नए बहुउद्देशीय हॉल में योग साधक योग करेंगे। कुवि परिसर में होने वाले इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा व कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा सहित सभी अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थी भाग लेंगे। कुवि के खेल निदेशक डॉ. राजेश सोबती ने बताया कि योग कार्यक्रम 40 मिनट का होगा जिसमें 200 से अधिक विद्यार्थी भागीदारी करेंगे व कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा योग विषय पर संबोधित करेंगे।

### कुवि में संगोष्ठी का आयोजन 25 को

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में 25 जून को सीनेट हॉल में हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी, पंचकूला तथा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर रिसर्च आन द सरस्वती रिवर के संयुक्त तत्वावधान में एक थी नदी सरस्वती विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा।

### एलएनजेपी अस्पताल में रक्तदान शिविर कल

**कुरुक्षेत्र।** सर्व समाज कल्याण सेवा समिति द्वारा एलएनजेपी अस्पताल के ब्लड बैंक में 22 जून शनिवार को रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। जानकारी देते हुए समिति के प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वर सैनी ने बताया कि शिविर शनिवार सुबह 9 बजे से लेकर दोपहर एक बजे तक लगाया जाएगा। शिविर में 18 से 60 वर्ष तक के सभी स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान शिविर में रक्तदान कर सकते हैं। रक्तदाता रक्तदान कैंप में प्रातः नाश्ता करके अवश्य करके आए। हर नवयुवक साल में चार बार

### परिवार पहचान पत्र रद करने की मांग

**थानेसर।** एसयूसीआई कम्युनिस्ट ने हरियाणा सरकार से मांग की है कि परिवार पहचान पत्र की स्कीम को वापिस लिया जाए। एसयूसीआई कम्युनिस्ट के जिला सचिव कॉमरेड राजकुमार सारसा ने कहा कि परिवार पहचान पत्र बनाने के पीछे सरकार की जो दलीलें है, वे पूर्णतया थोथी है। सरकार ने परिवार पहचान पत्र को परिवार की आय के साथ जोड़ रखा है, जबकि विशेष तौर पर किसान , दिहाड़ी मजदूरी, कच्ची नौकरी करने वालो की आय निश्चित नहीं है।

## शहर के प्रेम प्लाजा में हुई प्रदेश युवा मोर्चा की बैठक

# बूथ प्रबंधन ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकतः फणीन्द्रनाथ

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत प्रत्येक बूथ पर करें पौधारोपण: प्रदेश संगठन मंत्री





हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

आज करनाल के रेलवे रोड स्थित होटल प्रेम प्लाजा में युवा मोर्चा प्रदेश के पदाधिकारी और युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष व जिला महामंत्री की बैठक हुई। इस संगठनात्मक बैठक में विशेष रूप से प्रदेश संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, प्रदेश महामंत्री डॉ अर्चना गुप्ता का सभी कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन मिला। बैठक में पार्टी के आगामी कार्यक्रमों को लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिए गए बैठक में 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस,23 जून डॉक्टर श्याम प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस, 25 जून आपातकालीन दिवस आदि कार्यक्रमों को लेकर चर्चा हुई। इस मौके पर संगठन मंत्री ने अपने सम्बोधन में कहा कि जिस प्रकार विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रधानमंत्री ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की शुरुआत की और भारत तथा विश्व भर में सभी लोगों से आह्वान किया कि वे आने वाले दिनों में अपनी मां को श्रद्धांजलि स्वरूप एक पेड़ लगाएं उसी का अनुसरण करते हुए उसी प्रकार आप सभी हर एक बूथ पर 10 पेड़ जिसका एक पेड़ मां के नाम लगाएं। उन्होंने कहा कि यह अभियान अत्यंत महत्वपूर्ण है जिस प्रकार प्रधानमंत्री ने प्रकृति की रक्षा करने और संधारणीय जीवनशैली अपनाने की हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप एक पेड़ लगाया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार मां अपने बच्चे का लालन पालन करती है उसी प्रकार हमने भी उस पेड़ की देखभाल करनी है तभी तो वो फले फूलेगा और हम ऑक्सीजन देगा। इस मौके पर संगठन मंत्री फणीन्द्र नाथ ने सभी वरिष्ठ कार्यकर्ता को निर्देश देते हुए कहा कि आप अपने सभी अन्य कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलें तथा बूथ प्रबंधन पर ध्यान दें। उन्होंने कहा कि बूथ प्रबंधन हमेशा से भाजपा की बड़ी ताकत रहा है। लोकसभा चुनाव में भाजपा जिन बूथों पर चुनाव हारी अथवा उसका प्रदर्शन संतोष जनक नहीं रहा है, उन बूथों पर विशेष रूप से फोकस करने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि अगर किसी बूथ पर संगठनात्मक रूप से किसी बदलाव की जरूरत है तो वह किया जा सकता है। इस अवसर पर विशेष रूप से प्रदेश संगठन महामंत्री फणिंद्र नाथ शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता, जिला अध्यक्ष योगेंद्र राणा, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष योगेंद्र (योगी) शर्मा, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष शुभम गुप्ता, जिला महामंत्री निशांत राणा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।



तरावड़ी। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी का स्वागत करते हुये प्रमोद बंसल, विनित बंसल व चुनीत बंसल। फोटो : हरिभूमि

## मुख्यमंत्री नायब सैनी आमजन के बने चेहतेः प्रमोद बंसल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

तरावड़ी शहर के कई उद्योगपतियों व जीबी राइस मिल एक्सपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड के सीएमडी प्रमोद बंसल, विनीत बंसल एवं चुनीत बंसल ने आज मुख्यमंत्री नायब सैनी से एक कार्यक्रम में उनको बुके देकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर शहर के उद्योगपति प्रमोद बंसल एवं विनित बंसल ने कहा कि नायब सैनी ने विधायक, राज्य मंत्री, सांसद बनने तक रिकॉर्ड तोड़ हरियाणा का विकास किया है। अब वह हरियाणा के मुख्यमंत्री पद पर रहकर नायब सैनी ने राजनीति में सादगी, ईमानदारी व जन सेवा की मिसाल पेश की है जोकि एक प्रशंसनीय है। इस अवसर पर स्वागत करते हुए उन्होने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी न केवल कार्यकर्ताओं के चेहते हैं बल्कि उनके नेतृत्व में हरियाणा प्रदेश के युवा व कार्यकर्ता भी उनकी कार्यशैली से काफी खुश हैं। उन्होंने कहा नायब सैनी के रूप में हरियाणा को ऐसे मुख्यमंत्री मिले हैं जो सभी को साथ लेकर चलने वाले नेता हैं। आमजन की समस्याओं को स्वयं मिलकर उनका समाधान करते हैं। हरियाणा के प्रत्येक जिले मे समाधान शिविर लगाकर आमजन के काम होने लगे। आमजन अब उनसे खुश है।

## आरएसएस ने मनाया हिंदू साम्राज्य दिवस

- हिंदवी साम्राज्य के जनक छत्रपति शिवाजी महाराज से प्रेरणा लेने का

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के माधव और केशव नगर में हिंदवी स्वराज्य के संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्यभिषेक की स्मृति में हिंदू साम्राज्य दिवस मनाया गया। आरएसएस हर साल शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी को यह दिवस मनाता है। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को हिंदू साम्राज्य, संस्कृति, सभ्यता और सौहार्द के प्रति जागरूक करना है। ओल्ड रमेश नगर में माधव शाखा संघस्थान आयोजित कार्यक्रम में माधव नगर संघ चालक सुभाष सचदेवा ने छात्रपति शिवाजी के जीवन के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही उनके जीवन से प्रेरणा लेते हुए अपने आचरण में अपनाकर देश हित में कार्य करने का आह्वान किया। वहीं केशव नगर में गोविंद शाखा संघस्थान पर आयोजित कार्यक्रम में सह विभाग कार्यवाहक महेंद्र सिंह ने कहा कि जिस दिन शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक हुआ, उस दिन से हिंदू साम्राज्य की पुनर्स्थापना हुई। वह अद्वितीय क्षमता और विद्वत्ता के धनी थे उन्होंने निराशा भरे हिंदू समाज को जागृत कर मुगलों को परास्त किया। छह लाख वर्ग किलोमीटर भूमि को स्वाधीन करवाया। उन्होंने योजना बनाकर कार्य किया जिसके परिणाम स्वरूप 50 वर्षों में पूरा देश मुगलों से मुक्त हो गया था। हिंदू समाज छत्रपति शिवाजी का आजीवन ऋणी रहेगा। इस अवसर पर केशव नगर कार्यवाह श्याम सुंदर जी, माधव नगर कार्यवाह भारत भूषण,जिला प्रचार प्रमुख वीरपाल सिंह सहित पूर्ण गणवेश में स्वयंसेवक मौजूद रहे।

## इंसान का जीवन नदी की तरह हैः साध्वी दिवेशा

- इंद्री मे चल रही पांच दिवसीय श्री राम कथामृत का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री



इंद्री। श्री राम कथामृत का वर्णन करती साध्वी दिवेशा भारती ।



इंद्री। रामलीला ग्राउंड इंद्री में आयोजित श्री राम कथामृत मे कथा सुनते श्रद्धालु ।

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा रामलीला ग्राउंड इंद्री में आयोजित पांच दिवसीय श्री राम कथामृत के अंतिम दिन दिव्य गुरु आशुतोष महाराज जी की शिष्या साध्वी दिवेशा भारती जी ने अपनी मधुर वाणी में व्याख्यान देते हुए कहा कि सुन्दर काण्ड प्रसंग जिसमें एक भक्त के भक्ति मार्ग पर किए जा रहे संघर्ष की चरम सीमा को भक्त हनुमान के माध्यम से प्रतिपादित किया गया है। साध्वी दिवेशा भारती ने बताया कि इंसान का जीवन नदी की तरह है। नदी के मार्ग में चट्टानें आती हैं, पत्थर आते हैं अनेको रुकावटें आती हैं पर नदी उनकी परवाह न करती हुई इन्हे तोड़ती हुई आगे बढ़ जाती है। इसी प्रकार की बाधाओं को हनुमान जी ने भी पार किया जब वे माता सीता जी की खोज में लंका के लिए प्रस्थान करते हैं। साध्वी ने बताया कि हनुमान जी ने मैनाक पर्वत, सुरसा, और सिंहिका जैसी बाधाओं को पार करते हुए लंका में प्रवेश करते हैं। जो बाहर से देखने पर सुंदर प्रतीत होती है पर भीतर पापाचार, अनाचार हो रहा है। प्रत्येक मानव की यही स्थिति है। बाहर से व्यक्ति अपने शरीर को सजा संवार कर रखता है पर अगर अपनी आत्मा का कल्याण नहीं करता तो उसका शरीर लंका की भांति ही है। यदि अंतःकरण में मैल कपट बुराइयां हैं तो व्यक्ति कभी भी शांतमय जीवन यापन नहीं कर सकता। यही कुछ आज हनुमान जी देख रहे हैं। इसलिए उन्होने कहा कि यदि आप आत्म कल्याण करवाना चाहते हैं, भीतर की बुराइयों को, पापाचार को समाप्त करना चाहते हैं, तो एक पूर्ण गुरु की शरण में जाना होगा। जो आप के भीतर ईश्वर का दर्शन करवा दे। ईश्वरीय अनुभूति को दिव्य ज्योति जागृति संस्थान ब्रह्म ज्ञान के द्वारा करवाता भी है।



### शहर की एक और सड़क पर अतिक्रमण बना चर्चित विषय

**अनूप शर्मा/नीलोखेड़ी।** नगरपालिक आधीन वार्ड नंबर 12 में इंद्रजीत द्वारा पिछले कई महीनों से सड़क के शुरुआत में निवास स्थान बना सरकारी नाली और सरकारी फुटपाथ पर किया अवैध अतिक्रमण चर्चित विषय बना हुआ है जिसमें आमजन के मुख्य एक ही दृष्टिकोण सामने आ रहे हैं, उनका मानना है कि जिस प्रकार पालिका आधीन कई गलियां,पार्क,सरकारी बरामदे,नाले इत्यादी अवैध अतिक्रमण में लुप्त हो चुके हैं यह भी साजिश के तौर पर असमाजिक तत्वों की एक नई शुरुआत हो सकती है क्योंकि अतिक्रमण कर्ता ने सड़क की मुख्य शुरूआत तिराहे से ही शरेआम सरकारी नाली और फुटपाथ को गैर-कानूनी अपने अधिकार में ले लिया है और ईंटों से निर्माण करा उसपर पलस्तर करा रंग-रोगन तक की शुरुआत कर दी है।आमजन का मानना है जब अतिक्रमण हो रहा था उस समय इसपर न तो अंकुश लगाया गया न जिम्मेदार प्रशासन द्वारा इसे रुकवाया गया इसके अलावा प्रशासन द्वारा इसकी जांच करा जिम्मेदार अधिकारियों पर कोई कार्यवाही भी नहीं की गई और देखा गया है।

### फिर बढ़ाई फ्री में आधार अपडेट करने की तारीख

- अब 14 सितंबर तक निशुल्क अपडेट करा सकते हैं आधार कार्ड : उपायुक्त

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया की यूआईडीएआई ने आमजन की सुविधा के मद्देनजर फ्री में आधार कार्ड अपडेट की तारीख बढ़ाकर 14 सितम्बर कर दी है। उन्होंने बताया कि सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में आधार कार्ड सबसे अहम दस्तावेज है और 10 साल पुराने आधार कार्ड को अपडेट करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पहले 14 जून तक तक फ्री में आधार अपडेट किया जा सकता था जिसे अब तीन महीने आगे बढ़ाते हुए आधार कार्ड को अपडेट करने की तिथि 14 सितम्बर 2024 तक कर दी गई है। नागरिक स्वयं भी वेबसाइट पर जाकर अपना आधार कार्ड अपडेट कर सकते हैं। उपायुक्त ने आमजन से आह्वान करते हुए कहा कि जिन व्यक्तियों ने पिछले 10 सालों में आधार कार्ड को अपडेट नहीं कराया है, वे अपने आधार कार्ड में समय रहते अपडेशन जरूर करवा लें।

## जिला के समाधान शिविरों में 88 में से 32 शिकायतों का निपटारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



जिला मुख्यालय करनाल के अलावा नीलोखेड़ी, इन्द्री, असंध और घरौंडा में आज भी समाधान शिविरों का आयोजन किया गया इनमें विभिन्न विभागों से संबंधित 88 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें से 32 का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया। लंबित 56 शिकायतों के शीघ्र निपटारे का आश्वासन दिया गया।

करनाल में आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता नगराधीश शुभम ने की। यहां आज 59 शिकायतें आईं जिनमें से केवल आठ का समाधान किया गया है। ये आठ शिकायतें भी बुढ़ापा पेंशन व आय सत्यापन संबंधी थी जबकि 28 शिकायतें अभी लंबित है। नीलोखेड़ी उपमंडल मुख्यालय पर बुढ़ापा संबंधी एक और लेखा/आयु सत्यापन संबंधी दो शिकायतें आईं और तीनों का निपटारा कर दिया गया। इसी प्रकार इन्द्री उपमंडल मुख्यालय पर परिवार पहचान पत्र संबंधी 10 शिकायतों में से नौ और असंध में दस में से छह शिकायतें निपटाई गई। घरौंडा उपमंडल मुख्यालय पर प्रॉपर्टी आईडी संबंधी छह शिकायतें आईं और सभी का निपटारा कर दिया गया। जिला सचिवालय में आयोजित शिविर में आज पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण, एसडीएम अनुभव मेहता, नगराधीश शुभम, डीएसपी नायब सिंह के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### लिबर्टी शूज के सैंट्रल हाउस परिसर में आज लगेगा योग शिविर

**करनाल।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर लिबर्टी शूज द्वारा 21 जून को सुबह साढ़े छह बजे से रेलवे रोड स्थित सैंट्रल हाउस परिसर में विशेष एक दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी लिबर्टी के पीआरओ बी पी सिंह ने दी।

उन्होंने बताया कि इस अवसर पर लिबर्टी शूज के सीई ओ रमन बंसल तथा सतीश गोयल योग का अभ्यास करवाएंगे। इस अवसर पर सुप्रशिक्षित योग प्रशिक्षक उपस्थित प्रतिभागगियों को योग आसनों का अभ्यास करवाएंगे। योग शिविर का आयोजन हर वर्ष लिबर्टी शूज द्वारा किया जाता रहा ळैं। इसके पीडी सतीश गायल खुद योग के बेहतर जानकार होने के साथ प्रशिक्षक भी हैं। एक दिवसीय शिविर में योग प्रेमी बड़ी संख्या में भाग लेंगे।



तरावड़ी। मोटीवेटरो की टीम मोहल्ले मे महिलाओं को समझाते हुए

### डोर टू डोर स्वच्छता अभियान चलाया

**तरावड़ी।** नगर पालिका प्रशासन व सुगम स्वच्छता प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा वीरवार को तरावड़ी शहर में डोर टू डोर उठने वाले कचरे के निपटान को लेकर स्वच्छता अभियान चला गया । अभियान के अंतर्गत लोगों को एकत्र करके समझाया कि वे अपने घर के कचरे को डस्टबिनों में डालने की आदत डालें । स्वच्छता की इस टीम ने लोगों को जानकारी देते हुए बताया कि हम सब के घरों से आमतौर पर दो प्रकार का कचरा निकलता है, पहला गीला कचरा व दूसरा सूखा कचरा । गीले कचरे में मुख्य रूप से रसोई का कचरा और सूखे कचरे में पॉलिथीन, टूटा फूटा प्लास्टिक, कांच, मेटल आदि शामिल है । सुगम स्वच्छता प्राइवेट लिमिटेड कंपनी और नगर पालिका के मोटीवेटरो की टीम ने खासकर महिलाओं को समझाते हुए कि आप इस सुखे व गीले कचरे को अलग-अलग करके शहर की साफ सफाई व स्वच्छता के कार्य में अपनी विशेष भूमिका निभा सकती हैं । टीम ने शहर वासियों को जानकारी देते हुए कहा कि आगे भी इसी तरह से शहर में स्वच्छता अभियान चलाए जाएंगे और डोर टू डोर लोगों को प्रेरित किया जाएगा कि वे अपने घरों में हरे व नीले रंग के दो डस्टबिन लगाना सुनिश्चित करें।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में जगह-जगह लगाए गए योग शिविर

## झमाझम बारिश में भी जारी रहा नवीन संदूजा का योग शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में मानव सेवा संघ कर्ण पार्क में चार दिवसीय निशुल्क एवं विशाल योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। चार दिवसीय शिविर में प्रथम दिवस इस विशाल योग शिविर में हमारे करनाल शहर की बहुत से गण मान्य व्यक्ति एवं संस्थाएं उपस्थित रही एवं स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। जिसमें मुख्य रूप से समाज सेवी से श्री सतीश बत्रा जी, रामचंद्र जी, बाटला जी एवं चाहत फोटो स्टूडियो से विनोद जी अपनी पूरी टीम के साथ पहुंचे। शिविर पर आज इन्द्रदेव भी मेहरबान रहे और झमाझम बारिश हुई, जिसका शिविर में पहुंचे साधकों ने इस सुहावने मौसम का पुर्ण आनन्द लिया एवं शिविर बिना किसी बाधा के जारी रहा।

संदुजा ने बताया कि योग शिविर का समय प्रातः 5:30 से 7:00 तक रहेगा। आप सभी से निवेदन है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में इस योग शिविर में अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर एवं स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करें। इस योग शिविर में विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम मुद्राओं की मुद्राओं की बारिकता एवं दक्षता के साथ सिखाए जाएंगे। आज की इस कक्षा में त्रिकोण आसन, ताड़ासन, वृक्षासन आदि करवाए गए।

हमारा मिशन स्वस्थ भारत के संस्थापक एवं योग गुरु योग नवीन संदूजा के साथ योग शिक्षिका श्रीमती शैलजा गुप्ता एवं मीनाक्षी मित्तल ने विभिन्न प्राणायाम की बारीकियां को साधकों को अवगत कराया।

### योग दिवस पर जिला स्तरीय समारोह आज प्रातः 6 बजे अनाज मंडी करनाल में होगा आयोजित,विधायक हरविंद्र कल्याण होंगे मुख्य अतिथि

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल माध्यम से देशवासियों को देंगे शुभ संदेश

**करनाल।** आयुष विभाग हरियाणा एवं योग आयोग हरियाणा द्वारा 10 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शुक्रवार, 21 जून को प्रातः 6 बजे जिला स्तरीय समारोह का आयोजन नई अनाज मंडी करनाल के प्रांगण में भव्य ढंग से किया जाएगा। इस कार्यक्रम में घरौंडा के विधायक हरविंद्र कल्याण बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे तथा जिला परिषद करनाल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विवेक चौधरी कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। इस अवसर पर करनाल के एसडीएम अनुभव मेहता व नगराधीश शुभम सहित अन्य विभागों के अधिकारी, कर्मचारी तथा योग संस्थाएं व शिक्षण संस्थाओं के हजारों बच्चे शामिल रहेंगे। यह जानकारी जिला आयुर्वेद अधिकारी करनाल डॉ सतपाल ने दी। उन्होंने बताया कि 10 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को आयोजित होने वाले कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर जिला प्रशासन, आयुष विभाग हरियाणा एवं योग आयोग हरियाणा द्वारा सभी आवश्यक प्रबंधों को पूरा कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम स्थल की साज-सज्जा भव्य ढंग से की गई है तथा योग दिवस समारोह में भाग लेने वाले सभी योग साधकों के लिए स्वच्छ पेयजल, रिफ्रेशमेंट तथा अस्थायी शौचालयों की भी व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल माध्यम से जिला स्तरीय समारोह से जुड़ेंगे और देशवासियों के नाम अपना शुभ संदेश देंगे। इसके बाद जिला स्तरीय समारोह की गतिविधियां शुरू हो जाएंगी। योग प्रशिक्षकों द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित योग साधकों को योग क्रियाएं करवाई जाएंगी। इस अवसर पर स्थानीय जन प्रतिनिधि व भारी संख्या में योग साधक उपस्थित रहेंगे।

## खबर संक्षेप

### चोरी की स्कूटी के साथ आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** थाना शहर पुलिस ने जीटी रोड पर संजय चौक के नजदीक अंकित पुत्र जय प्रकाश निवासी सुलतानपुर, यूपी, हाल महाबीर कॉलोनी, पानीपत को चोरी की स्कूटी सहित गिरफ्तार किया। थाना शहर प्रभारी इंस्पेक्टर राजबीर सिंह ने बताया कि आरोपी ने उक्त स्कूटी 9 मई को रेलवे रोड के सामने फ्लाई ओवर पुल के नीचे से चोरी करने बारे स्वीकारा। स्कूटी चोरी की उक्त वारदात बारे थाना शहर में प्रदीप पुत्र जिले सिंह निवासी गांव निंबरी जिला पानीपत की शिकायत पर केस दर्ज है।

### नहर में लापता हुआ युवक

**पानीपत।** पानीपत से गुजर रही दिल्ली पैरलल नहर में अजय उर्फ चूचू निवासी अशोक विहार कालोनी, पानीपत डूब गया। अजय, अपने दोस्तों के साथ नहर में नहाने गया था। इसी दौरान अनजान युवक पीछे से पानी में डूबता हुआ आ रहा था। जिसे बचाने के लिए अजय भी गहरे पानी में कूद पड़ा। वहीं, अजय, पानी के तेज बहाव में बह गया। इधर, घटना की सूचना मिलने पर थाना मॉडल टाउन पुलिस मौके पर पहुंची और अजय की पानी में तलाश शुरू करवाई। वहीं, सोनीपत व रोहतक पुलिस को भी इस घटना की जानकारी देकर सतर्क कर दिया गया है।

### किसान हितैषी है मोदी सरकार

**पानीपत।** भाजपा प्रधानमंत्री मोदी ने खरीफ की फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्यों में वृद्धि करके किसानों के सच्चे हितैषी होने का एक बार फिर पुख्ता प्रमाण दिया है। ये शब्द भाजपा राष्ट्रीय सदस्यता अभियान के प्रदेश प्रमुख गजेंद्र सलूजा ने कहे। उन्होंने कहा की पहले की सरकारों में गेहूं तथा धान ही न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद करती थी वहीं मोदी सरकार रिकार्ड 14 फैसले न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद कर के किसान भाइयों का ध्यान रख रहे ।

### पानीपत में भव्य होगा योग दिवस

**पानीपत।** पानीपत में 21 जून को आयोजित होने जा रहे 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर गुरूवार को जिला सचिवालय के सभागार में उपायुक्त डॉ.वीरेंद्र दहिया की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में जिले में पांच स्थानों पर योग दिवस को लेकर आयोजित किये जाएंगे। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर चर्चा की गई व अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई। वहीं योग दिवस पर आयोजित होने जा रहे कार्यक्रमों में चार हजार विभिन्न विभागों के कर्मचारी, स्कूली विद्यार्थी, पुलिस कर्मी, पंतजलि संस्थान, खेल विभाग, आंगनवाडी वर्कर शिरकत करेंगे।

### कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन आज

**पानीपत।** पानीपत के सेक्टर 11-12 स्थित एसडीवीएम के सभागार में 21 जून को दोपहर बाद 3 बजे पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष उदयभान व सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा पानीपत जिला के कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगे। वहीं, पानीपत जिला के चारों विधानसभा क्षेत्रों से कांग्रेसी कार्यकर्ता इस सम्मेलन में भाग लेंगे।

### मानवता के लिए घातक है क्रोध

**पानीपत।** पानीपत की अग्रवाल मंडी में चल रही व्याख्यान श्रृंखला में श्री मनीष मुनि जी महाराज ने फरमाया कि किसी की गाली उतना नुकसान नहीं करती जितना कि उससे उत्पन्न हमारा क्रोध हानि पहुंचाता है। क्रोध तो हमारे अंदर पहले ही विद्यमान होता है, गाली तो केवल उसको उभारने का काम करती है। इस अवसर पर शसुभद्रा जी महाराज, महावीर जैन, गौतम जैन, राजेंद्र जैन, डॉ.एपी जैन, राम किशन जैन, सूरजभान जैन, रामफल जैन, नवीन जैन, विशाल जैन, संदीप जैन, आत्माराम जैन, संतोष जैन आदि उपस्थित रहे।

### मेधावी विद्यार्थी हुए सम्मानित

**पानीपत।** एलएसबीटी और आरएस के विद्यार्थियों को जिला उपायुक्त डा.वीरेंद्र दहिया ने सम्मानित किया।

## हुमाना पीपल टू पीपल इंडिया ऑफिस में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

# डॉक्टर्स ने किया बच्चों के स्वास्थ्य अधिकारों के प्रति जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

हुमाना पीपल टू पीपल इंडिया ऑफिस में संस्था द्वारा संचालित चिल्ड्रन विद स्पेशल नीड प्रोजेक्ट द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा और एएनएम की क्षमता वर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिविल अस्पताल डिस्ट्रिक्ट अर्ली इंटरवेंशन सेंटर के नोडल अधिकारी डॉ. ललित वर्मा, सीनियर टीबी सुपरवाइजर नरेश कुमार, शिवचरण, एचआईवी एड्स काउंसलर रविंद्र ने कार्यक्रम में शिकरत की। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी को बढ़ाना तथा डिस्ट्रिक्ट अर्ली इंटरवेंशन सेंटर सुविधा की जागरुकता, एचआईवी एड्स के ऊपर जागरूकता, ड्रग्स एब्यूज के बारे में जागरूकता और क्षयरोग के बारे में जागरूकता को बढ़ाना रहा। इस कार्यक्रम में नूरवाला, मोतीराम कॉलोनी, इंदिरा विहार, कॉलोनी, हरिसिंह कॉलोनी, धमीजा कॉलोनी, उत्तम नगर और रमेश नगर के आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरूआत चिल्ड्रन विद स्पेशल नीड प्रोजेक्ट संचालक ज्योतिष कुमार द्वारा सभी के स्वागत से किया गया एवं हुमाना पीपल टू पीपल इंडिया संस्था के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इधर, डिस्ट्रिक्ट अर्ली इंटरवेंशन सेंटर के नोडल अधिकारी डॉ. ललित वर्मा के द्वारा राष्ट्रीय बाल स्वाथ्य कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया। राष्ट्रीय बाल स्वाथ्य कार्यक्रम 0-18 साल तक के बच्चों के लिए है जिसमे 32 प्रकार के बीमारी का इलाज और सर्जरी मुफ्त में होता है और किसी दिव्यांग बच्चे को किस प्रकार से राष्ट्रीय बाल सुरक्षा कार्यक्रम से जोड़ा जा सकता है इसकी भी जानकारी दी। इधर, मुख्य सलाहकार सुधा झा ने बताया की संस्था द्वारा बच्चों के लिए पानीपत में कई वर्षों से कार्य किया जा रहा है वर्तमान में संस्था इन स्पेशल बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने, दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनवाने, जरूरी उपकरण दिलाने इन सब चीजों में मदद कर रही है।



**पानीपत।** बाल अधिकार जागरूकता रैली निकालते हुए हुमाना पीपल टू पीपल इंडिया आदि। फोटो : हरिभूमि


**पानीपत।** प्रयाग इंटरनेशल स्कूल की फुटबॉल टीम। फोटो : हरिभूमि

# फुटबॉल में प्रयाग स्कूल की टीम रही प्रथम

## प्री-सुब्रोतो कप में राज्य का प्रतिनिधित्व करेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

पानीपत जिला स्तर पर फुटबॉल में अपना वर्चस्व स्थापित करते हुए प्रयाग इंटरनेशनल स्कूल पानीपत की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, पानीपत जिले की अलग-अलग स्कूलों की टीमों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रयाग इंटरनेशनल स्कूल ने इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर प्री-सुब्रोतो कप में राज्य स्तर के लिए क्वालीफाई किया। विद्यालय के 18 छात्रों ने अपनी कड़ी लग्न और मेहनत से यह स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य अंजू गुप्ता ने बताया कि छात्रों का कठिन परिश्रम एक अच्छे परिणाम के रूप में दर्शित हुआ है। विद्यालय के वाइस चेयरमैन कार्तिक शर्मा ने कहा कि वे विद्यालय में इस प्रकार के कार्य करने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं जिनसे छात्रों का शिक्षा के साथ-साथ बहुमुखी विकास हो और वे पूरी प्रतिभा के साथ एक अच्छे विश्व नागरिक बन सकें। उन्होंने बताया की खेल हमारे तन और मन दोनों को स्वस्थ रखते हैं तथा शिक्षा प्राप्ति में भी बड़ा योगदान देते हैं।

# मानव शरीर को गंभीर बीमारियों से भी निरोग करता है योग

- योग का नियमित अभ्यास रक्तचाप और हृदय गति को नियंत्रित रखने में मदद करता है

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

फैला उजियारा फाउंडेशन की तरफ से जिले के गांव बांध में गुरुवार को 10वें विश्व योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के तहत फाउंडेशन की प्रदेशाध्यक्ष कुमारी रंजिता कौशिक ने महिलाओं, को योगाभ्यास कराते हुए कहा कि योग का अर्थ एकता या बांधना है। योग जीने का एक तरीका भी है और परम उद्देश्य भी। हमें समय निकाल कर योग का नियमित अभ्यास करना चाहिए और प्रकृति के साथ जुड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि योग का नियमित अभ्यास रक्तचाप और हृदय गति को नियंत्रित रखने में मदद करता है। योगाभ्यास से शरीर को आराम मिलता है। योगाभ्यास हमें समझ देता हैं कि हमें किस प्रकार का भोजन कब करना चाहिए। योग को केवल कुछ आसनों द्वारा आंशिक रूप से समझा जाता हैं, परंतु इसके लाभ का आंकलन केवल शरीर स्तर पर समझा जाता हैं। उन्होंने बताया कि योग के नियमित अभ्यास से तनाव की समस्या से काफी हद तक निजात मिलती है। शरीर के


**पानीपत।** फैला उजियारा फाउंडेशन की अध्यक्ष कुमारी रंजिता कौशिक व ग्रामीण महिलाएं योग करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# चार्टर्ड अकाउंटेंट्स का पियर रिव्यू पर मार्गदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

- कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया

द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की उत्तरीय भारतीय क्षेत्रीय परिषद की पानीपत शाखा द्वारा को शाखा के प्रधान सीए जगदीश धमीजा की अध्यक्षता में एक दिवसीय पियर रिव्यू ट्रेनिंग का आयोजन किया गया।

सीए जगदीश धमीजा ने बताया कि जिस सीए फर्म में 5 या उससे ज्यादा पार्टनर है उन्हे 30 जून तक अपनी सीए फर्म का पियर रिव्यू करवाना जरूरी है जिसे एक अन्य सीए फर्म जिसने पियर रिव्यू का कोर्स किया हुआ है उनके द्वारा किया जाता है। इसके अलावा और भी कई कंडीशन है जिसके तहत ऑडिट फर्म को अपना पियर रिव्यू करवाना जरूरी हो जाता है। इस मौके पर पियर रिव्यू बोर्ड के वाइस चेयरमैन और इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया के सेंट्रल काउंसिल मेंबर सीए राज चावला ने विशेष तौर पर शिरकत की और सभी उपस्थित मेंबर्स को इस विषय में अवगत करवाया।

मुख्य वक्ता के तौर पर सीए मनोज लांबा, सीए जतिन टागरा और सीए वैभव जैन ने शिरकत की। सभी वक्ताओं ने इस विषय से संबंधित अलग अलग तकनीकी सेशन लिए और सभी उपस्थित मेंबर्स को गहन तकनीकी जानकारी दी।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। मंच का संचालन सीए भूपिंद्र दीक्षित ने किया। मैनेजमेंट कमेटी के अन्य सदस्य सीए रविंद्र सिंह, सीए अंकुर बंसल, सीए सोनू गोयल, सीए मितेश मल्होत्रा ने आए हुए अतिथियों का गुलदस्ता देकर और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया।


**पानीपत।** चार्टर्ड अकाउंटेंट्स कार्यक्रम का दीप जला कर शुभारंभ करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# हरियाणा को नशा मुक्त करना ही एचएनसीबी का उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

एनसीबी हरियाणा और राजकीय रेलवे पुलिस एवं रेलवे सुरक्षा बल द्वारा पानीपत रेलवे स्टेशन पर नशे के विरुद्ध एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो का पानीपत जिले में 61वा एक दिवसीय नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम था। राजकीय रेलवे पुलिस के थानाध्यक्ष जोगिंद्र सिंह की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम हुआ। थाना प्रभारी जोगिंद्र सिंह ने ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा को विशेष रूप से आमंत्रित किया था। इधर, ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने रेलवे स्टेशन पर उपस्थित लोगों से हर तरह के नशे की तल का त्याग करने की अपील करते हुए कहा कि इस ब्यूरो का एकमात्र उद्देश्य हरियाणा प्रान्त को नशा मुक्त करना है। इसके लिए ब्यूरो और हरियाणा पुलिस नशे की तस्करी में संलिप्त अपराधियों को प्रतिदिन सलाखों के पीछे भेजने का कार्य कर रही है। इतना ही नहीं नशे में ग्रस्त हो चुके लोगों का निशुल्क उपचार कराया जाता है। प्रत्येक जिले के सरकारी अस्पताल में नशा मुक्ति केंद्र चल रहे हैं।


**पानीपत।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के डॉ. अशोक वर्मा, नशे के विरुद्ध जनता को जागरूक करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# काजल ने पद की शपथ ली

- उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ.वीरेंद्र दहिया ने गुरूवार को जिला सचिवालय में वार्ड नंबर 13 की जिला परिषद सदस्य काजल को प्रधान पद की शपथ दिलाई व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। डीसी डॉ. दहिया ने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण पद है जिसका संबंध आम व्यक्ति से है। उन्हें उम्मीद है कि वे इस पद की गरिमा को ध्यान में रख कर विकास की गति में तेजी लाएंगी व सभी परिषद सदस्यों को साथ लेकर जिले का विकास करेगी। जबकि जिला परिषद के कार्यकारी अधिकारी गौरव कुमार ने उन्हें चेयरपर्सन पदासीन कराया। इस मौके पर जिला परिषद के सदस्यों के अलावा परिषद की अध्यक्ष के परिजन व रिश्तेदार आदि उपस्थित रहे। इधर, कार्यालय स्टाफ ने चेयरपर्सन काजल का फूल मालाओं व बुके देकर स्वागत किया।


**पानीपत।** जिला परिषद अध्यक्ष काजल को पद की शपथ दिलवाते हुए उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया। फोटो : हरिभूमि


**पानीपत।** नशे के विरुद्ध नागरिकों को जागरूक करते हुए डीएसपी सतीश वत्स।

### अपराध को बढ़ावा देती है नशे की लत-वत्स

**पानीपत।** उप पुलिस अधीक्षक सतीश गौतम ने कहा कि नशा केवल एक व्यक्ति को ही नहीं बल्कि पूरे परिवार को बर्बाद करता है। एक बार नशे के दलदल में फंस जाते हैं तो फिर फंसते ही चले जाते हैं। देश का युवा वर्ग इस दलदल में और अधिक न फंसने पाए, इसके लिए सबसे जरूरी है युवाओं को नशे के दुष्परिणाम बताना और नशे के खिलाफ जागरूक करना। उन्होंने बताया कि समाज में कई तरह के अपराध तो केवल नशे के कारण होते हैं। कुछ लोग लूट-मार जैसी वारदातों को केवल इसी लिए अंजाम देते हैं ताकि वे नशीले पदार्थों की अपनी जरूरत पूरी कर सकें। जिला पुलिस की टीमों ने आह्वान किया कि सामाजिक संस्थाएं, युवा क्लब व गठित कमेटियां नशा मुक्त भारत पखवाड़ा जागरूकता अभियान में जिला पुलिस का सहयोग करें।

# भाजपा हर वर्ग की हितैषी पार्टी : दुष्यंत

- रोहतक में 23 जून को होगा नवनिर्वाचित सांसदों का सम्मान समारोह

**पानीपत।** केंद्र सरकार द्वारा किसानों को 14 फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) दिए जाने, 23 जून को डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस मनाने, 23 जून से ही 6 जुलाई तक पौधरोपण पखवाड़ा मनाने और रोहतक में रविवार को होने वाले सम्मान समारोह पर चर्चा के लिए भाजपा जिला कार्यालय में जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने की और जिला उपाध्यक्ष डॉ. हेमा रमन ने सभी का स्वागत किया। भाजपा हर वर्ग की हितैषी पार्टी है। जिला महामंत्री कृष्ण छोक्कर ने सभी का आभार व्यक्त किया और रोशन लाल माहला ने बैठक का एजेंडा प्रस्तुत किया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र हल्दाना, अनिल मदान, प्राण रत्नाकर, संजीव दहिया, ज्योति शर्मा और सुनील कंसल, राजीव, प्रमोद कुराडिया, कुलदीप जांगड़ा और मनजीत डिकाडला भी उपस्थित रहे।


**पानीपत।** भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट पार्टी कार्यक्रम को लेकर चर्चा करते हुए।

### नेपाल के राष्ट्रपति से हैदर ने लगाई वकील मोमिन के माध्यम से याचिका

**पानीपत।** नेपाल के राष्ट्रपति से गुलाम हैदर ने अपने वकील मोमिन मलिक के माध्यम से याचिका लगाई है। जिसमें कहा गया है कि वह नेपाल सरकार को आदेश दे कर जल्द करवायी करने का निर्देश दे और 4 नाबालिग बच्चों को भारत से नेपाल पुलिस के जरिए बरामद किए जाए और सचिन और सीमा हैदर को भी नेपाल का कानून तोडने और गलत तरीके से नेपाल का बॉर्डर क्रॉस करने, नेपाल वीजा खत्म होने और नेपाल विदेशी अधिनियम तोडने, बच्चों टरेफक्किंग करने के जुर्म में गिरफ्तारी कर जल्द से जल्द जेल भेजा जाए ताकि एक मजबूर बाप को इंसाफ मिले और दोषियों को सजा। साथ इसकी कॉपी पाकिस्तान के भारत सरकार और पाकिस्तान सरकार के राष्ट्रपति को भी भेजी गई है। अब ये मामला नेपाल के राष्ट्रपति और पाकिस्तान के राष्ट्रपति और भारत सरकार के बीच गुलाम हैदर ने अपने भारतीय वकील मोमिन मलिक माध्यम से पहुंचा दिया है।

## पीड़ित ने समाधान शिविर में की शिकायत, उपायुक्त ने दिए जांच के आदेश

# दाहिने पैर की जगह बाएं पैर का ऑपरेशन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

- डॉक्टरों ने रणबीर को पूरा खर्च उठाने का भी आश्वासन दिया था

पानीपत के जीटी रोड पर स्थित ऑस्कर अस्पताल ने रणबीर निवासी गांव वैसर जिला पानीपत के दाहिने पैर की जगह बाएं पैर के घुटने का ऑपरेशन कर दिया। वहीं, इसका खुलासा होने पर डॉक्टरों ने अपनी गलती मानी और आनन-फानन में रणबीर के दूसरे घुटने का भी ऑपरेशन कर दिया। लगातार दो ऑपरेशन होने के चलते रणबीर चलने - फिरने में लाचार हो गया। डॉक्टरों ने रणबीर को पूरा खर्च उठाने का भी आश्वासन दिया था, लेकिन अस्पताल से छुट्टी दिए जाने के बाद ऑस्कर अस्पतला प्रशासन रणबीर से मिलने से भी इंकार कर रहा है। इधर, रणबीर की शिकायत पर पानीपत प्रशासन ने इस मामले की जांच के आदेश दिए है। इधर, पीड़ित रणबीर ने बताया कि वह पेशे से राजमिस्त्री है। वह अपने घर में सफाई करते समय गिर गया था। जिससे उसके दाहिने पैर में गंभीर चोट लग गई थी। उसने चलने-फिरने में भी परेशानी आती थी। वहीं, रणबीर को उनके जानकारी मनोज निवासी गांव शेरा, जोकि एंबुलेंस ड्राइवर है वह उससे मिला। जिसने उसे कहा कि उसकी ऑस्कर अस्पताल में काफी जानकारी है। वह उसे 13 मई 2024 को उक्त अस्पताल ले आया। वहां पर डॉ. हर्ष व डॉ. विवेक पांडे ने मेरी जांच की और दाएं पैर के ऑपरेशन के लिए कहा। 13 मई को उसे वहीं पर भर्ती कर लिया गया। 14 मई की रात को उसका ऑपरेशन किया गया। जब उसे होश आया, तो उसने देखा कि उसका दाहिना पैर तो ऐसे ही था, जबकि बाएं पैर के घुटने का ऑपरेशन कर दिया। उन्होंने, डॉक्टर को बुला कर ऑपरेशन गलत होने की बात बताई। जिस पर खुद डॉक्टर भी हैरान हो गए और मौके पर उन्होंने अपनी गलती मानी। साथ ही कहा कि वे दाहिने पैर का भी ऑपरेशन कर देंगे। परिजनों ने पूछा कि अब इसका खर्च कौन उठाएगा। जिस पर डॉक्टरों ने कहा कि वे खर्च कि चिंता न करे। जो भी खर्च होगा, वे दे देंगे। साथ ही कहा कि अगर वह ठीक नहीं हुआ तो उसे घर बैठे पूरा खर्च दिया जाएगा। इसके तुरंत 1 घंटे बाद उसके दांए पैर का भी ऑपरेशन कर दिया। इसके बाद 5 मई को उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी। अब वह न तो चल पाता है और न कोई काम कर पाता है।


**पानीपत।** समाधान शिविर में पीडित रणबीर से जानकारी लेते हुए सीएमओ डॉ. जयंत आहूजा।

### एक्सीडेंट में पूरा परिवार खत्म

रणबीर ने बताया कि 23 जनवरी 2006 को एक एक्सीडेंट में उसका पूरा परिवार खत्म हो गया था। जिसके बाद से वह अनाथ है, उसे कोई संभालने वाला नहीं है। इसके बाद ऑस्कर अस्पताल से न ही उसके पास कोई मैसेज आया और न ही कोई दवाई दी गई और न ही उसकी जांच की गई। इधर, उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया के आदेश पर सीएमओ डॉ. जयंत आहूजा, रणबीर केस को देखेंगे।

### पुलिस ने 309 वाहनों के चालान किए

**पानीपत।** पानीपत पुलिस द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतू व आम नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मंगलवार को विशेष चैकिंग अभियान चलाकर राष्ट्रीय राजमार्ग पर लेन चेंज नियमों का उल्लंघन करने वाले 309 भारी वाहनों के चालान किये। विशेष अभियान के तहत जिला यातायात पुलिस द्वारा जिला में दिल्ली चंडीगढ़ नेशनल हाइवे पर टोल प्लाजा के पास, पट्टी कल्याणा, केसर ढ़ाबा, मनाना, पुलिस लाइन, फ्लाई ओवर, टोल प्लाजा, बाबरपुर ट्रैफिक थाना पेप्सी पुल के पास एक साथ विशेष टीमें तैनात कर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले भारी वाहनों को रोक कर उनके चालान किए गए।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत**

**वीनू उर्फ मोना पुत्री स्वर्गीय श्रीमति सरोज चौधरी पत्नी स्वर्गीय श्री तिलक राज निवासी मकान न. 172 आठ मरला कालोनी तहसील व जिला पानीपत की रहने वाली हैं।**

**बनाम जनरल पब्लिक**

हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि वीनू उर्फ मोना पुत्री स्वर्गीय श्रीमति सरोज चौधरी पत्नी स्वर्गीय श्री तिलक राज निवासी मकान न. 172 आठ मरला कालोनी तहसील व जिला पानीपत ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतु इस कार्यालय में पेश किया गया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थी की माता स्थित आठ मरला तहसील व जिला पानीपत की बिस्वेदार है। प्रार्थी की माता स्वर्गीय श्रीमति सरोज चौधरी पत्नी स्वर्गीय श्री तिलक राज दिनांक 05/03/2019 को स्वर्गवास हो चुका है। प्रार्थीया के पिता स्वर्गीय श्री तिलक राज की मृत्यु काफी अरसे समय पहले हो चुकी है। प्रार्थीया के पिता उपरान्त उनके जायज वारिस इस प्रकार हैः-1. सोनिया 2. वीनू उर्फ मोना इनके इलावा अन्य कोई वारिस व हकदार नहीं है। जिसकी वारसान की तसदीक नगर निगम पानीपत पार्षद बलराम मकोल व मौका पूछताछ में लेखराज पटवारी द्वारा भी अपनी रिपोर्ट में इन्हीं वारिसों की तसदीक की गई है। जायज वारिस इस प्रकार हैः-1. सोनिया 2. वीनू उर्फ मोना पुत्री स्वर्गीय श्रीमति सरोज चौधरी पत्नी स्वर्गीय श्री तिलक राज/ अन्य कोई वारिस व हकदार नहीं है। इनके इलावा मृतक का अन्य कोई वारिस/उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके संबंध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिये हर आम व खास को इस इश्तहार/नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस/उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एवं एतराज हो तो वह स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-अन्दर कार्यालय में कार्य दिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 20.06.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

**तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार, पानीपत।**

## खबर संक्षेप

### धोखाधड़ी करने वाला काबू

**अंबाला।** थाना सैक्टर-9 अंबाला शहर में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने आरोपी त्रिलोचन सिंह को काबू कर जमानत पर रिहा कर दिया है। अलीपुर के प्रेम सिंह ने 25 अप्रैल 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 9 फरवरी 2017 से 14 मार्च 2024 के दौरान आरोपी त्रिलोचन सिह व अन्य ने जालसाजी से उसके नाम के फर्जी दस्तावेज तैयार करके रूपये हडपने की धोखाधड़ी कर जान से मारने की धमकी देने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### धमकी देने वाला शामिल जांच

**अंबाला।** थाना अंबाला सदर में दर्ज मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी वीरेंद्र कुमार को शामिल जांच किया है। परशुराम नगर के रहने वाले सुर्दशन कुमार ने 23 मई 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी वीरेंद्र कुमार व अन्य ने उससे लडाई-झगड़ा कर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### चार आरोपियों को किया शामिल जांच

**अंबाला।** थाना साहा में दर्ज आत्महत्या के लिए मजबूर करने के मामले में पुलिस ने आरोपी विकास, कर्मवीर, राजबीर सिंह उर्फ बिल्लू व महिला को शामिल जांच किया है। इस मामले में संलिप्त दो आरोपी पहले ही गिरफ्तार हो चुके हैं। पीड़ित महिला ने 23 फरवरी 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि गांव संभालखा में आरोपी विशाल उर्फ काला व अन्य ने उसके भाई को मानसिक रूप से परेशान किया जिससे मजबूर होकर उसने आत्महत्या कर ली। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### 12 बोतल सहित आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना महेशनगर क्षेत्र से अवैध शराब की तस्करी के मामले में पुलिस ने आरोपी संजीव कुमार को 12 बोतल शराब सहित काबू किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी शराब की तस्करी का कारोबार करता है। इसी आधार पर पुलिस ने रेड कर आरोपी को शराब सहित किया काबू। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत केस भी दर्ज किया है।

# पेंशन व प्रॉपर्टी आईडी के साथ पीपीपी से जुड़ी समस्याओं का किया जा रहा समाधान

- शिविर में जहां लोग अपनी समस्या को लेकर पहुंचे थे वहीं वे सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए भी पहुंचे
- शिविर में 39 समस्याएं आई जिनमें परिवार पहचान पत्र, वृद्धावस्था पेंशन, प्रोपर्टी आईडी/एनडीसी, बिजली , बीपीएल राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलवाने से संबंधित थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

समाधान शिविर लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए कारगर साबित हो रहे है। उपमंडल स्तर पर एसडीएम यश जालुका की अध्यक्षता में इस शिविर का निरंतर आयोजन किया जा रहा है।

शिविर में जहां लोग अपनी समस्या को लेकर पहुंचे थे वहीं वे सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए भी पहुंचे। शिविर में सर्वजीत कौर तथा सुरजीत ने एसडीएम से अनुरोध किया कि उन्हें प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ दिलाया जाए। उनके अनुरोध पर एसडीएम ने मौके पर मौजूद बिजली निगम के अधिकारी को निर्देश दिए कि इन्हें योजना के बारे में पूरी जानकारी देकर अगर ये योजना के लिए पात्र है तो इनका आवेदन पोर्टल पर करवाएं।

शिविर में 39 समस्याएं आई जिनमें परिवार पहचान पत्र, वृद्धावस्था पेंशन, प्रोपर्टी आईडी/एनडीसी, बिजली , बीपीएल राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलवाने से संबंधित थी। एसडीएम ने एक-एक कर सभी समस्याओं को सुना और विभागों के अधिकारियों को समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए।शिविर में नगरपालिका की एनडीसी/प्रोपर्टी आईडी में त्रुटि को लेकर 4 मामले आए जिनका मौके पर ही समाधान किया गया। इसी प्रकार परिवार पहचान पत्र में आय अधिक होने/फैमिली आईडी को अलग-अलग करवाने से जुड़े 23 मामलों को मेरा परिवार पोर्टल पर रिक्वेस्ट डालकर इसे ठीक करवाने के निर्देश एसडीएम द्वारा सम्बंधित कर्मचारी को दिए गए।

### कारगर साबित हो रहा है समाधान शिविर, परिवादी बोले मिल रही है राहत

गांव हड़बौन के ग्रामीणों ने अपनी शिकायत में कहा कि गुरूद्वारा साहब की दीवार के पास से बिजली का ट्रांसफार्म लगा हुआ है जिससे करंट लगने का खतरा रहता है। इसलिए किसी दूसरे स्थान पर ट्रांसफार्मर को बदला जाए। सुनीता देवी पत्नी मायाचंद ने बिजली बिल में कनेक्शन पर सिक्योरटी 500/रूपये की राशि लगी आ रही है। बिल में लगने वाली सिक्योरटी राशि को बंद करवाने व पिछले बिलों में जमा सिक्योरटी राशि के नाम पर लगने वाली राशि को वापिस करने या बिल में एडजस्ट करने का अनुरोध किया। पुलेवाला की कमला देवी ने वृद्धावस्था पेंशन का लाभ दिलवाने का अनुरोध किया। महिला संतोष देवी ने अपनी शिकायत में कहा कि उसका गुलाबी राशन कार्ड बना हुआ था जोकि कट गया है। इसके अलावा उन्होंने फैमिली आईडी को ठीक करवाने का भी अनुरोध किया है। गांव धनाना की संगीता रानी ने पीएमएवाई स्कीम का लाभ दिलवाने का अनुरोध किया। इस अवसर पर डीएसपी रणधीर सिंह, नायब तहसीलदार वचित्र आन्नद, जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ अंकुश सहगल सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



**नारायणगढ़।** समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते हुए एसडीएम और अन्य अधिकारी।

## सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के तहत नहीं हो रही नालों की सफाई

# बरसाती सीजन में फिर डूबेगा शहर

कांग्रेसियों ने नगर निगम ऑफिस में किया झाड़ू लगाकर प्रदर्शन, कहा पिछले साल बाढ़ की वजह से हुई थी भारी तबाही, इस साल भी नागरिकों को उठानी होगी मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** प्रदर्शन के दौरान सफाई को लेकर निगम ऑफिस में झाड़ू लगाते हुए कांग्रेसी।

- शहर ने पिछले साल सरकार व नगर निगम की सुस्ती की वजह से बाढ़ जैसी आपदा झेली थी और शहर में आलम इस बार भी ऐसा ही है

बरसात की वजह से कई जगह हुए जलभराव व गंदगी से अटे नालों को लेकर कांग्रेस ने नगर निगम ऑफिस में झाड़ू लगाकर प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेसी नेताओं ने निगम अधिकारियों को जगाने का प्रयास किया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष एडवोकेट रोहित जैन की अगुवाई में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने संयुक्त कमिशनर को ज्ञापन सौंपकर सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट 2016 की गाइडलाइंस के मुताबिक प्रभावी ढ़ग से नाले नालियों की सफाई व कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने की भी मांग की। इस अवसर पर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने नगर निगम जागो व नगर निगम होश में आओ के नारे लगाए l जैन ने मीडिया से बात करते हुए कहा की अंबाला में ट्रिपल इंजन सरकार है लेकिन सरकार की सफाई व्यवस्था पर कोई ध्यान नहीं है। इसके कारण यहां पिछली बार सन 2023 में बाढ़ झेली थी। आलम इस बार भी ऐसा ही है शहर के नालों की सफाई पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा।

शहर ने पिछले साल सरकार व नगर निगम की सुस्ती की वजह से बाढ़ जैसी आपदा झेली थी और शहर में आलम इस बार भी ऐसा ही है। यहां छोटे- बड़े नाले-नालियों की सफाई का कार्य चल रहा है लेकिन यह काम सही ढंग से नहीं हो रहा है। नालों की सफाई केवल उपर से ही की जा रही है लेकिन नालों के अंदर गाद भरी पड़ी है। शहर में जिस ढ़ंग से सफाई की जा रही है उससे शहर में सन 2023 की भांति बाढ़ आने का व लोगों को जान माल का खतरा है। उन्होंने मांग की की शहर के छोटे बड़े नाले-नालियों की सफाई सही ढ़ंग से सफाई हो व नालों की गाद सही तरीके से निकाली जाए ताकि बारिश के मौसम के मद्देनजर शहर में बाढ़ जैसी स्थिति से बचा जा सके व लोगों के जान-माल की सुरक्षा हो सके। जैन ने नगर निगम में कर्मचारियों की कमी और कच्चे कर्मचारियों की समस्याओं को भी उठाया l उन्होंने कहा की अंबाला नगर निगम को बने लंबा अरसा हो गया है। नगर निगम में काफी कम् संख्या में कर्मचारी सेवा दे रहे हैं l इस समय निगम मे लगभग 495 कर्मचारी हैं जिसमे से 410 कर्मचारी एडहॉक बेस पर कार्य कर रहे हैं l कच्चे कर्मचारियों पर काफी बोझ है । उनसे पक्के कर्मचारियों जितना ही कार्य लिया जाता है जबकि उनका वेतन पक्के कर्मचारियों से आधा भी नहीं है l उन्होंने सरकार से मांग की कि कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाए। दूसरे कांग्रेसी नेताओं ने कहा की प्रदर्शन इस बात चेतावनी है यदि ट्रिपल इंजन सरकार ० जिम्मेवार अधिकारीयों की लापरवाही के कारण अंबाला शहर में बाढ़ का प्रकोप होता है तो आने वाले चुनावों में जनता उनका सफाया करेगी और किसी भी लापरवाही के कारण नुक्सान के लिए उनसे निजी रूप से मुआवजा लिया जाएगा ।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता तरुण चुघ, कुलदीप सिंह गुल्लु, देविंदर बजाज, नरेंद्र पाली, हरजीत सिंह बब्बल, कैप्टन जतिंदर पाल सोढ़ी, गौरव गुगलानी, सुरिंदर कौर ,विपिन गर्ग, राजपाल शर्मा, सांईं गौड़, रोहित गर्ग, एडवोकेट गौरव कुकरेजा, किरण राणा, राहुल, एडवोकेट विनोद वालिया, एडवोकेट शुभम अग्रवाल, अखिल भार्गव, राम सिंह, पुरषोतम, संजीव ओबेरॉय, संजय जैन, श्रेयांश जैन, डिंपल, सन्नी, अमित कुमारी, टोनी, अश्विनी कुमार, करणवीर, स्वर्ण सिंह, कीर्ति मसीह भी मौजूद रहे।



**नारायणगढ/शहजादपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर अभ्यास करते कर्मचारी व अधिकारी।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर तैयारियां पूरी

- सरकारी कर्मचारियों ने किया अभ्यास
- कस्बे में दो जगह आयोजित किए जाएंगे खंड स्तरीय कार्यक्रम, सभी विभागों के कर्मचारियों को हिस्सा लेने के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ/शहजादपुर

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को सुबह 6 बजे ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। एसडीएम यश जालुका ने बताया कि राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 10 वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर ब्लॉक स्तरीय समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिसकी मुख्यतिथि नगरपालिका चेयरर्पसन रिंकी वालिया होंगी। इसी प्रकार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शहजादपुर में ब्लॉक स्तरीय समारोह राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित किया जाएगा जिसके मुख्यतिथि जिला परिषद चेयरमैन राजेश लाडी होंगे। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के लिए सभी अधिकारी/कर्मचारी तथा आम जन प्रातः 5.45 पर पहुंच कर अपना स्थान ले लें जिससे कि समय पर कार्यक्रम शुरू किया जा सके। उन्होंने कहा कि योग के महत्व को दुनिया जान चुकी है और इसीलिए इसे अन्तराष्ट्रीय स्तर पर मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि योग से व्यक्ति शारीरिक और मानसिक तौर पर स्वस्थ रह कर रोगों से दूर रहता है। इसलिए प्रतिदिन योग अवश्य करना चाहिए। बता दें कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए खंड शिक्षा अधिकारी सुदेश बिंदल तथा खंड शिक्षा अधिकारी शहजादपुर ज्योति रानी को अपने-अपने ब्लॉक का नोडल अधिकारी बनाया गया है।

# डॉ. साहू 'सफर' शेरे-ए-हिंद काव्य ज्योतिष सम्राट की उपाधि से अलंकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



बृहस्पतिवार को भारत सरकार द्वारा संचालित संस्कृति मंत्रालय के उपक्रम नोर्थ जोन कल्चरल सैंटर पटियाला के सुन्दर सभागार में मिरेकल ऑफ एस्ट्रोलॉजी द्वारा भव्य राष्ट्रीय स्तरीय ज्योतिष सम्मेलन का सुन्दर आयोजन सम्पन्न हुआ। इस दौरान बहुआयामी, बहुमुखी प्रतिभा के धनी साहु किशोर जैन 'सफर' को ज्योतिष के इस महाकुम्भ में अमृत वर्षा अवार्ड - 2024, लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड व शेरे-ए-हिन्द काव्य ज्योतिष सम्राट की उपाधि से अलंकृत किया गया। अमृत वर्षा अवार्ड -2 के भव्य आयोजन पर देशभर से लगभग 200 ज्योतिष की विभिन्न विद्याओं के ज्ञाता उपस्थित रहे। इस अवसर पर देश के कई गणमान्य व्यक्तियों ने मुख्य अतिथि, विशिष्ठ अतिथि के रूप में आए ज्योतिषियों को अपने संदेश में ज्योतिष विज्ञान की गरिमा और गौरव बनाए रखने की बात रखी। समारोह में डा. साहू किशोर जैन 'सफर' ने बतौर मुख्य अतिथि दीप प्रज्ज्वलन कर अपने अभिभाषण में उपस्थित सभी से ज्योतिष के माध्यम से वन्य संरक्षण, जल संरक्षण, गौरक्षण तथा मानवता के सौंदर्यकरण हेतु अपनी बात रखते हुए कहा कि सभी ज्योतिषियों का यह सर्वप्रथम दायित्व बनता है कि वह अपने पास आए प्रत्येक परेशान व्यक्ति को सांत्वना देते हुए उसको अपने विशेष ज्ञान से हर सम्भव बचाने का प्रयास करें।

# मन नियंत्रित होने से शरीर खुद हो जाता है नियंत्रित

- ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर आयोजित हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए।

ब्रह्मकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय शांति धाम दयालबाग आश्रम में ब्रह्मकुमारीज एवं रोटरी क्लब की ओर से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या पर एक सांझे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस योग दिवस के शुभ अवसर पर सभी अतिथियों का मंच पर अभिवादन किया और बीके बहनों ने सभी अतिथिगणों का गुलाब का फूल देकर स्वागत किया नरेश भारद्वाज व बीके शैली ने मिलकर मंच संचालन किया एवं प्रोग्राम में आए सभी श्रोतागणों को शारीरिक योग करवाया और बताया कि हमारा शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य अध्यात्मिक स्वास्थ्य व सामाजिक स्वास्थ्य स्वयं का अहसास ये सभी इस योग की कला को समझने से ही संभव हैं। इसके बाद राजयोगिनी बीके शैली दीदी ने कहा आत्मा ओर परमात्मा कोई भौतिक एनर्जी नहीं है। ये अभौतिक एनर्जी है। जब हम योग करते हैं तो उसमें अलग-अलग रंगों की किरणों को स्वयं पर पड़ते हुए महसूस करते हैं जिससे हमारे अंदर अनंत शक्ति का प्रवाह होता है। हम अनुभव करेंगे कि परमात्मा हमारी हर बात सुन रहा है। हमें जीवन में आने वाली सभी परिस्थितियों के लिए मजबूत बना रहे हैं। हम जागृत होकर महसूस करें उस एनर्जी को जो हमें परमात्मा से मिली है वह बहुत दूर तक फैल रही है। उसका दायरा बढ़ता जा रहा है। इसके बाद बीके शेली दीदी ने मेडिटेशन द्वारा एक डीप साइलेंस का अनुभव कराया। मुख्य अतिथि डॉक्टर समिधा ने बताया सबसे पहले तो मन को नियंत्रित करना है तो शरीर अपने आप नियंत्रित हो जाएगा। उन्होंने कहा हर व्यक्ति एवम्-स्थान का अपना एक ओरा होता है जिस के सानिध्य में जाने मात्र से ही हमें महसूस होता है कि वहां सकारात्मक ऊर्जा है या नकारात्मक है। किसी भी स्थान की वाइब्रेशन वहां की मैनेजमेंट पर निर्भर करती है हमारा सारा योग ही मन की शुद्धि से शुरू होता है। योग आंतरिक शांति प्राप्त करने और तनाव तथा अन्य समस्याओं के खिलाफ लड़ाई में मदद करता है। योग एक व्यक्ति में शांति के स्तर को बढ़ाता है। उसके आत्मविश्वास को और अधिक बढ़ाने तथा उसे खुश रहने में मदद करता है। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी प्रीति दीदी जी ने योग पर प्रकाश डालते हुए बताया कि एक स्वस्थ व्यक्ति एक अस्वस्थ व्यक्ति की तुलना में अधिक काम कर सकता है। हमारे आसपास बहुत प्रदूषण है। यह कई स्वास्थ्य समस्याओं का कारण है। ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय अंबाला जॉन की उपसंचालिका बीके राजयोगिनी आशा दीदी ने अपने आशीर्वचन सुनाते हुए बताया कि हम आत्मा जब अपने इस देह को भूल कर अपने अंदर आत्मा को देखते हैं तो उस आत्मा के अंदर हमें परमात्मा की शक्ति का प्रकाश दिखाई देता है।

## बरसाती सीजन में बाढ़ की आशंकाओं से सीएम को करवाया जाएगा अवगत

**मुलाना।** भाजपा नेता सत प्रकाश बिंजलपुर ने कहा कि पिछले साल जिस तरह से बारिश व बाढ़ के पानी से क्षेत्र से तबाही हुई थी उन सभी समस्याओं को लेकर वह जल्द मुख्यमंत्री नायब सैनी से मुलाकात करेंगेत्र। उन्होंने कहा कि पिछले साल भारी बारिश की वजह से बराड़ा,मुलाना, सहित अन्य गांव में बाढ़ की स्थिति बन गई थी गत वर्ष की भांति अगर इस वर्ष भी वर्षा अधिक हुई तो भारी नुकसान का अंदेशा है। इसको देखते हुए वह जल्द मुख्यमंत्री से मिल कर समाधान का आग्रह करेंगे। बिजंलपुर ने बताया कि मुख्यमंत्री के आदेश पर कुछ नालों की सफाई का कार्य शुरू कर दिया गया है लेकिन बाढ़ को नियंत्रित करने के लिए अन्य कदम उठाए जाने की आवश्यकता है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## रजिस्ट्रेशन करवाने वाले 60 साल से ज्यादा उम्र वाले बुजुर्गों को जेनरिक दवाई मुफ्त में वितरित की

# 192 टीबी मरीजों को हर महीने पोषण किट वितरित करने का लिया संकल्प

- परिवहन मंत्री ने लगाई पौधों की छबील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** लगाई गई छबील के दौरान पौधे व दवाएं वितरित करते मंत्री असीम गोयल।

परिवहन मंत्री असीम गोयल ने वीरवार को अपने निवास स्थान पर पौधों की छबील लगाई। उन्होंने अपनी बिटिया अंशिका गोयल के जन्मदिन व मेरा आसमान संस्था की 10 वीं वर्षगांठ के अवसर पर 5 हजार पौधे मुफ्त वितरित किए। इसके साथ-साथ 192 टीबी मरीजों को निक्षय मित्र बनाया है। उन्होंने प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत इन निक्षय मित्रों को अपने निवास स्थान पर पौषण किट वितरित की और प्रदेश को टीबी मुक्त बनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर मंत्री असीम गोयल ने कहा कि उन्होंने संकल्प लिया है कि जब तक ये 192 मरीज ठीक नहीं हो जाते तब तक ये पोषण किट हर महीने इन मरीजों को पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। यह किट उनके स्वास्थ्य को बेहतर करने में कारगर सिद्ध होगी तथा वे जल्द ही स्वस्थ होंगे। उन्होंने कहा कि जो टीबी अस्पताल हैं वह पांच राज्यों में सबसे बड़ा टीबी अस्पताल बनने जा रहा है। यह सभी अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं व आधुनिक लैब वाला टीबी अस्पताल होगा।

### मिशन निरोगी का भी लिया संकल्प

परिवहन मंत्री ने अपनी बेटी के जन्मदिन पर मिशन निरोग अंबाला का भी शुभारंभ किया। इस मिशन के तहत 60 साल से उपर के जो भी बुजुर्ग मंत्री असीम गोयल के यहां अपना रजिस्ट्रेशन करवाएगा, उन्हें डॉक्टर द्वारा परामर्श की गई जेनरिक दवाई को मुफ्त दिया जाएगा। गोयल ने कहा कि आज जिस प्रकार गर्मी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है, ऐसी गर्मी एसी व कूलर भी कार्य करना बंद कर देते हैं। इस बढ़ती गर्मी से निजात पाने के लिए सिर्फ एक ही उपाय है कि हर व्यक्ति अपने घर आंगन खेत खलिहान में अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए। इसी नाते आज हमने पौधों की छबील भी लगाई हैं और कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को व आने जाने वाले लोगों को पौधे वितरित भी किए। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति एक पौधा जरूर लेकर के जाए और उसे पेड़ बनाने का संकल्प लें। इस संकल्प को पूरा करने के लिए मैंने अपने दोनों विभागों के टेडर अलॉट के मूल्यांकन के हिसाब से पेड़ लगाने के लिए भी प्रावधान किया हैं। पेड़ लगाने के लिए उनका विभाग उन्हें जमीन देगा। हमें मिलकर अपने जिले को अपने राज्य को हरा भरा बनाना है। उन्होंने सभी से आहवान किया कि अपने बच्चों के जन्म दिवस पर व घर में को मांगलिक कार्य होने पर अपने घर आंगन में एक पौधा जरूरी लगाए व उसे पेड़ बनने का संकल्प भी लें। इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ. राकेश सहल, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. सीमा, डॉ. हितार्थ, भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा, रितेश गोयल, संजीव गोयल टोनी, रमेश मल, सुंदर ढिगांरा, हितेष जैन, गुरविंद्र मानकपुर, सोमनाथ जनसूई, स्वर्ण सिंह सैनी, अमन सूद, प्रीतम सिंह, कमलजीत कांवला व अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहें।